## बैठक आयोजीत

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2024 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई 2024 को भरतपुर न्यायक्षेत्र में किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत प्री-लिटिगेशन सहित न्यायालयों में लंबित प्रकरणों यथा धारा 138, परक्राम्य विलेख अधिनियम, बैंक रिकवरी मामले, श्रम विवाद, पानी व बिजली के बिल (अशमनीय के अलावा) एवं अन्य (दाण्डिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य सिविल विवाद) एवं लम्बित प्रकरणों में शमनीय दाण्डिक अपराध अन्तर्गत धारा 138, परक्राम्य विलेख अधिनियम, बैंक रिकवरी मामले, एमएसीटी मामले, श्रम विवाद, बिजली व पानी के बिल (अशमनीय के अलावा), वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले (केवल जिला एवं उच्च न्यायालय में लम्बित), मजदूरी, भत्ते और पेंशन भत्तों से सम्बन्धित मामले, राजस्व मामले (केवल जिला एवं उच्च न्यायालय में लम्बित), अन्य सिविल मामले (किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा दावे एवं विनिर्दिष्ट पालना दावे) आदि से सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण हेतु आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, (जिला एवं सत्र न्यायाधीष), केशव कौशिक की अध्यक्षता में 4 जुलाई 2024 को सीमा जुनेजा, न्यायाधीश, मोटरवाहन दुर्घटना अधिकरण, एवं अधिवक्तागण के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया।

# कलेक्टर ने जन सुनवाई कर अधिकारियो को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**गंगापुर सिटी ।** कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने गुरुवार अलसुबह नादौती उपखंड का दौरा किया। इस दौरान कलेक्टर ने सडक कार्य, पेयजल एवं बिजली आपूर्ति संबंधित व्यवस्था का

- **कलेक्टर ने बारिश को देखते हुए आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर की जा रही निविदा प्रक्रिया की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए**



गंगापुर सिटी मे ग्रामीणो की समस्या सुनते जिला कलेक्टर ।

मौके पर जाकर निरीक्षण करके जमीनी स्तर पर जायजा लिया। कलेक्टर ने इस दौरान नादौती-श्रीमहावीरजी एसएच-11०, गंगापुर-नादौती-सिकंदरा एसएच-25, नादौती-गढमोरा सडक, ढहरिया-जीर्णा रोड पर सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सडक पेच मरम्मत, सीसी सडक जॉइंट फिलिंग, सीसी सरफेस वर्क, सडक किनारे झडियो की सफाई, रैनकट मरम्मत आदि कार्यों का मौके पर पहुंच कर जमीनी स्तर पर जायजा लिया गया। बारिश को देखते हुए आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर की जा रही निविदा प्रक्रिया की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए, जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि राहगीरों को इन सडको पर किसी भी प्रकार की तकलीफ नहीं आए।

कलेक्टर ने नादौती में जेवीवीएनएल के सहायक अभियन्ता कार्यालय, नियंत्रण कक्ष, 33/11 केवी ग्रिड सब-स्टेशन का भी औचक निरीक्षण किया। बरसात के मौसम को देखते हुए उन्होंने सहायक अभियंता नमोनारायण मीना को विद्युत उपकरणों की सभी सुरक्षा मानकों को ध्यान रखते हुए नियमित मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने जेवीवीएनएल के स्टॉक रजिस्टर, विद्युत कटौती लॉग रजिस्टर, विद्युत उपकरण मेंटेनेंस रजिस्टर सहित सभी जरूरी दस्तावेजों की जांच की और बारिश के दौरान आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्बाध रूप से सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने नादौती के सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय एवं रायसेना में मालियों की ढाणी में ग्राम पंचायत के पार्क में पौधारोपण किया और एक व्यक्ति, एक वृक्ष अभियान को जिले में सफल बनाने का संदेश दिया।

वहीं, रायसेना में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का भी औचक निरीक्षण किया तथा नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियन्ता जीतेश मीना को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया

**भरतपुर ( निस )।** अब तक एक लाख से अधिक पौधे लगा कर उनका संरक्षण कर रहे राज्य सरकार से सम्मानित पर्यावरण विद बच्चू सिंह वर्मा के नेतृत्व में शहर के युवाओं द्वारा संचालित प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था भरतपुर टॉक्स द्वारा वन महोत्सव के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशाल पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ विजय सिंह मदेरणा द्वारा किया गया। भरतपुर टॉक्स के सदस्यो ने बताया कि मिशन ग्रीन भरतपुर के अंतर्गत संस्था के सभी सदस्यो के सहयोग से शहर के हीरादास चौराहे से सेवर रोड के बीच डिवाइडर पर 551 छायादार पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया। पर्यावरण विद वर्मा ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में भरतपुर टॉक्स संस्था ने पिछले वर्ष भी शहर के काली बगीची से शीशम तिराहे के बीच डिवाइडर पर 150 छायादार पौधे व कुम्हेर गेट से अखड्ढ चौराहे के बीच 50 छायादार पौधे लगा कर प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण का संदेश दिया। कार्यक्रम समापन पर श्रमिकों को दुप्पटा व माला पहना कर सम्मानित किया गया। पौधारोपण के बाद सभी सदस्यों ने उनकी देखभाल करने की शपथ ली और कहा कि वे भविष्य में भी समय-समय पर पौधारोपण करते रहेंगे। इस अवसर पर रूपेश खंडेलवाल, चिंटू शर्मा, अरमान गोशी, सौरव गर्ग, कौशल गुप्ता, विनोद खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### जाट समाज की बैठक आयोजित

**हिंडौन सिटी ।** जाट समाज चौरासी आम सभा जाट छात्रावास हिण्डौनसिटी में रखी गई। जाट समाज चौरासी महामंत्री देवीसिंह सोलंकी ने बताया कि जाट समाज चौरासी की आम सभा की अध्यक्षता जाट समाज चौरासी अध्यक्ष गजानन्द चौधरी ने की । आम सभा मे समाज हितार्थ कई बिन्दुओ पर निर्णय लिये गया जो निम्न है 1. समाज में भात जामने आदि में दिये जा रहे वस्त्रों को सीमित मात्रा में दिया जाना एवं बर्तनों (थाल- गिलास) आदि के स्थान पर सम्मान स्वरूप नगद राशि प्रदान करना 2. निमंत्रण के लिए :- निमंत्रण कार्ड, इसके अलावा वाटस ऐप द्वारा या फोन करके निमंत्रण देना (जोकि एच्छिक रखा गया है) 3. पूर्व की तरह समाज में डीजे बजाना यथा स्थिति प्रतिबन्धित रखा गया 4. समाज में शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए 5. नशामुक्त समाज सुनिश्चित किया जाना इत्यादि। आम सभा में जाट सभाज चौरासी के पांचों ब्रांचों के अध्यक्ष मय कार्यकारणी एवं जाट समाज चौरासी कार्यकारणी एवं जाट समाज चौरासी के समस्त ब्रांचों से अनेक प्रबुद्धजन, पंच महानुभाव उपस्थित रहे।

### दिव्यांगजनों का परीक्षण शिविर 22 से

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा प्रबंधक भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत जिले मे निवास करने वाले दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों के निशुल्क वितरण हेतु ब्लॉक वाईज परीक्षण शिविरों का आयोजन प्रात: 10:00 बजे से सायं 5 बजे तक किया जायेगा। उन्होने बताया कि परीक्षण शिविरो मे भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के पुर्नवास विषेषज्ञ टीम द्वारा पात्र लाभार्थियों का चिन्हीकरण का कार्य किया जायेगा। उन्होने बताया कि 22 जुलाई को पंचायत समिति करौली,23 को पंचायत समिति मासलपुर,24 को पंचायत समिति मंडरायल,25 को पंचायत समिति सपोटरा एवं 26 जुलाई को पंचायत समिति हिण्डौन व श्रीमहावीरजी के दिव्यांग षिविरों मे लाभ ले सकते है। इस संबंध मे उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवष्यक दिशा निदेश भी दिये है।

### ई-मित्र कियोस्क का किया निरीक्षण

**करौली( नि.स. )।** उपखंड अधिकारी पिंकी गुर्जर ने कहा कि 12 जून को ब्लॉक प्रोग्रामर करौली द्वारा करौली कलेक्ट्रेट चौराहा पर स्थित ई-मित्र कियोस्कों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ई-मित्र धारक लोकेश जंगम द्वारा उपभोक्ताओं से राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर से अधिक राशि वसूल करना पाया गया जिस कारण उक्त ई-मित्र धारक पर 5 हजार रू की शास्ति आरोपित की गई व 7 दिवस के लिये निलंबित किया गया साथ ही ई मित्र धारको को हिदायत दी जाती है कि वे राज्य सरकार की निर्धारित दर के अनुसार ही आमजन से सेवाओं की राशि प्राप्त करें तथा किसी भी जनप्रतिनिधी या राजपत्रित अधिकारी की सील ई मित्र केन्द्रों पर न रखें अन्यथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### उपखंड अधिकारी ने किया वृक्षारोपण

**सपोटरा/करौली( नि.स. )।** उपखंड अधिकारी सुभाष चंद गोयल ने उपतहसील परिसर कुडगांव में पीपल एवं अन्य छायादार पौधे लगाकर आम जनता को वर्षाकाल में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को हरा भरा रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार मिथलेश कुमार शर्मा,गिरदावर नरोत्तम,ऑफिस कानूनगो भूरसिंह,पटवारी पवन कुमार मंगल,राजेंद्र कुमार मीना एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।इसके अलावा उपखंड अधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि इस बार की भीषण गर्मी से सबक लेकर सभी अपने खेतों पर, मकानों के पास एवं परिसरों में अधिक से अधिक पौधे लगाए एवं उनका संरक्षण भी सुनिश्चित करें

### जांच अधिकारी बदलने की मांग

**करौली ( नि.स. )।** घर में घुसकर मारपीट कर पाटोर पोस मकान को तोडकर और घरेलू सामान की तोडफोड करने के एक मुकदमे में नामजद .आरोपियों को अनुसंधान अधिकारी पर निकलने का आरोप लगाते हुए पीडित परिवार ने पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर को परिवाद पेश कर मुकदमे की तफतीष बदलने और आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।

## अनिल बंसल बने हिंडौन सेन्ट्रल के अध्यक्ष

**हिंडौन सिटी ।** लायंस इंटरनेशनल प्रांत 3233ई प्रथम में शामिल लायंस क्लब हिंडौन सेन्ट्रल का 26वां पदस्थापन समारोह एक निजी रिसोर्ट में भव्य रुप से सम्पन्न हुआ।रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन आयुषी विजय द्वारा नवीन कार्यकारिणी को दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाकर पदस्थापित घोषित किया गयाअनिल बंसल को अध्यक्ष,ओपी मंगल को मुख्य सलाहकार एवं मार्केटिंग चेयरपर्सन, विनोद सोलंकी एवं बृजेन्द्र धाकड को उपाध्यक्ष,प्रदीप आर्य को सचिव, आकर्षण उपाध्याय को सह सचिव,उपेन्द्र गुप्ता को कोषाध्यक्ष, महेश कम्बलवाल को एडमिनिस्ट्रेटर,मनीष सिंघल को टेमर , शिवकुमार बंसल को टेलट्विस्टर, सुशील जैन को सदस्यता वृद्धि चेयरपर्सन एवं डा.दीपक चौधरी को सह चेयरमैन,डा.पुष्पेन्द्र गर्ग को एलसीआईएफ कोर्डिनेटर, उपेन्द्र आर्य, राजेश गुप्ता, विकास फौजदार, गजानंद शर्मा , नंदकिशोर गुप्ता को निदेशक के रूप में पदस्थापित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन ओपी मंगल द्वारा करते हुए लायन विनय मंगल द्वारा ध्वज वंदना एवं लायंस विश्व प्रार्थना का पठन किया गया। इसके बाद सभी मेहमानों का सम्मान किया गया।

लायन उपेन्द्र आर्य ने बताया कि समारोह में एडवोकेट जगदीश प्रसाद मोदी ने बतौर मुख्य अतिथि पधारकर अपने उद्बोधन में क्लब के द्वारा विगत 37 साल से अनवरत जारी सेवा गतिविधियों की तारीफ करते हुए कहा जब लायंस क्लब का गठन हुआ उस समय हिंडौन में खुलने वाला अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रथम स्वयं सेवी संगठन था।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में गुरूवार को उपखण्ड बयाना की ग्राम पंचायत महमदपुरा में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें 25 परिवाद प्राप्त हुए।

जिनकी व्यक्तिशः सुनवाई कर सम्बंधित विभागों से मौके पर निराकरण कराया गया। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग नियमित रूप से जनसुनवाई करते हुए आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें।

कार्यालयों में नियमित रूप से आने वाले नागरिकों को पात्रता के आधार पर योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले परिवाद तथा राज्य सरकार से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का निश्चित समयावधि में निराकरण करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में आया कोई भी नागरिक निराश होकर नहीं लौटे, कार्यालयों में योजनाओं की जानकारी देने के साथ समस्या निराकरण के बारे में की गई कार्यवाही से भी परिवादी को अवगत करायें। उन्होंने बिजली, पानी, चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए उसी दिवस निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जनसुनवाई में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं की जानकारी के अभाव में कोई भी नागरिक योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे।

जनसुनवाई के दौरान कलुआराम पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एवं सरपंच महमदपुरा द्वारा ब्रह्मबाद से बंध बारैठा मुख्य सडक निर्माण करवाए जाने, समस्त ग्रामवासी बंध बारैठा द्वारा मैन रोड से रेल्वे स्टेशन को जाने वाली रोड से अतिक्रमण हटवाए जाने, ग्राम महमदपुरा में सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाए जाने एवं पुखराज सिंह जिला परिषद सदस्य द्वारा ग्राम ब्रह्मबाद से बंगसपुरा को जोड़ने वाली सड़क पर हो रहे अतिक्रमण के संदर्भ में परिवाद प्रस्तुत किए जिन पर जिला कलक्टर द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी ली तथा नियमानुसार कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देश दिए।

# अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को बैठक सम्पन्न

**सवाईमाधोपुर।** करौली जिलें में जिला प्रशासन एवं एक्शनएड- यूनिसेफ करौली द्वारा ड्रॉप आउट एवं शिक्षा/विद्यालय से वंचित बच्चों को पुनः प्रवेश दिलाकर शिक्षा, विद्यालय से जोड़ने को लेकर 24 जून से 13 जूलाई 2024 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है हिंडौन सिटी ब्लॉक में ड्रॉप आउट एवं शिक्षा से वंचित बच्चों को पुनः प्रवेश दिलाने को लेकर आज पंचायत समिति के सभागार हिंडौन सिटी में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी, एक्शनएड-यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा, रिषीराज मीना विकास अधिकारी पंचायत समिति हिंडौन सिटी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, महादेव रेगर स्टेट मेनेजर एक कदम फाइंडेशन, लवली गोयल, डॉक्टर फोर यू समस्त पीईईओ, प्रधानाचार्य, नोडल प्रभारी, सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारियों ने भाग लिया बैठक में एक्शनएड-यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया है कि जिलें में 5269 एवं मासलपुर में 1276 बच्चे ड्रॉप आउट है इसके कई बच्चे ऐसे भी हो सकतें है जो कभी विद्यालय गये ही नही हो सभी सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, पीईईओ, नोडल प्रभारी, प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, सहायिका, एनवाईवी, स्वयंसेवक, युवा मंडल आदि को समुदाय के साथ बच्चों एवं अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारें में जानकारी देकर शिक्षा के प्रति जागरूक कर वंचित बच्चों को स्थानीय सरकारी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने का कार्य करना चाहिए मंडरायल ब्लॉक में ड्रॉप आउट बच्चों के साथ अन्य वंचित बच्चों को भी प्रवेश दिलाकर ब्लॉक एवं जिलें को ड्रॉप आउट मुक्त बनाने की ओर कदम उठाना है मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने सभी पीईईओ, नोडल प्रभारी, प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापकगण द्वारा प्रवेशोत्सव को लेकर किये जा रहे कार्यो के बारें में जानकारी दी गई साथ ही ड्रॉप आउट बच्चों की सूची को दुरुस्त करने के साथ आउट ऑफ स्कूल, अनामांकित बच्चों को प्रवेश दिलाने के निर्देश दिए गए, जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने बताया है कि हमें बच्चों की शिक्षा को लेकर गंभीर रहना चाहिए।

## महिलाओं ने सौपा ज्ञापन

**करौली( नि.स. )।** राजिविका मिशन से जुडी महिलाओं ने जिला परियोजना प्रबंधक राजिविका को ज्ञापन सौंप कर आरसीआरपी राउंड चालू करवाने की मांग की मांग की राजिविका मिशन से जुडी आरसीआरपी केडर की महिला नीरज,प्रीति,पूनम देवी,लक्ष्मी,रेणु, प्रियंका,चिंता मीना,अनुज देवी,रचना मीना, अनीता मीणा आदि महिलाओं ने जिला परियोजना प्रबंधक राजिविका के नाम का ज्ञापन पेश कर बताया कि करौली जिले से आरसीआरपी केडर से वर्ष 2012 से 2023 तक 300 केडर काम कर रहे थे घर-घर जाकर महिलाओं को स्वयं सहायता समूह राजिविका के बारे में बताया और आवास सर्वेक्षण किया और महिलाओं को घर-घर जाकर जागरूक किया।

# चित्रकला प्रदर्शनी, और पुस्तक मेला का उद्घाटन

**भरतपुर ( निस )।** महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह 5 जुलाई से पूर्व हुए विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के अन्तर्गत विश्वविद्यालय परिसर में चित्रकला प्रदर्शनी, और पुस्तक मेला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रमेश चन्द्रा व कुलसचिव डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित कर व फीता काटकर किया गया। कुलपति ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले और विजेता प्रतिभागियों को और उनके अभिभावकों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय परिसर में सांस्कृतिक संध्या 'बृज गुँजन' एवं मेधा सम्मान समारोह का आयोजन भी कराया गया जिसमें चित्रकला प्रतियोगिताओं, खेल प्रतियोगिताओं और चित्रकला प्रदर्शनी में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियां को एवं यूपीएससी में चयनित गौरव सिंघल, हेमेन्द्र सिंह, विश्वजीत सिंह होल्कर और रवि मीणा और आरपीएससी में चयनित अंजली सिनसिनवार, मनीष सोगरवाल, याशी रावत, भारत बंसल, मोहित गुप्ता और विश्वेन्द्र सिंह गुर्जर इसके अलावा जेईई एडवांस में कुशाग्र कक्कड और स्वास्तिक भारद्वाज को पुरस्कृत कर सम्मनित किया गया। और विश्वविद्यालय परिवार की ओर से इनके उज्जवल भविष्य की कामना की और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को इनसे प्रेरित होने के लिए कहा। चित्रकला प्रतियोगिताओं में ऑन द स्पॉट पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, फेस पेंटिंग, रंगोली व अन्य प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ चढकर भाग लिया और प्रतियोगिताओं के प्रति छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह भी दिखाई दिया।

## 'भूमि अवाप्ति व ऑडिट आक्षेपों पर हो कार्यवाई'

**भरतपुर ( निस )।** पूर्व मंत्री व आरएलडी विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने गुरुवार को राज्य विधानसभा में रीको के पुनर्गठन व अन्य समस्याओं के बारे में सुझाव देते हुए कहा कि रीको के चेयरमैन का कार्यकाल कम से कम तीन बर्ष का होना चाहिए। सरकार को चाहिए कि रीको का चेयरमैन उद्योग मंत्री को ही बनाएं जिससे औधोगिक क्षेत्रो से संबंधित फैसले शीघ्र हो सकेंगे और राज्य में औद्योगिक क्षेत्र के विकास में गति आ सकेगी। साथ ही उन्होंने भरतपुर के बृज एव पुराने औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की है।

विधायक डॉ गर्ग ने विधानसभा में कहा कि रीको में अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का पद होता है। लेकिन अध्यक्ष का कार्यकाल कम होने पर अधिकांश फैसला प्रबंध निदेशक ही लेता है। औद्योगिक विकास एवं नए औद्योगिक क्षेत्र की संबंध में दिए जाने वाले फैसले की बहुत कम फाइलें उद्योग मंत्री को भेजी जाती हैं।

उन्होंने विधानसभा में कहा कि रीको की विभिन्न संस्थाओं द्वारा की जाने वाली ऑडिट आक्षेपों में गंभीर आरोप लगाए जाते हैं। यहाँ तक कि ठेकेदार लाखों रुपये तक का घपला कर चले जाते हैं लेकिन उनके खिलाफ आज तक कोई कार्यवाई अमल में नहीं लाई गई। डॉ गर्ग ने विधानसभा में बताया कि रीको की सहयोगी कंपनियां शेयर व ऋण वितरित कर अनिमियताएं करती है और उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नही होती। गर्ग ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को नहीं हटावाया जा रहा है। यहां तक भी प्रबंधकों को अतिक्रमणों का पता तक भी नहीं है। उन्होने रीको में प्लॉट खरीदने के बाद इसके टुकडे कर बेचने के हो रहे भ्रष्टाचार के सम्बंध में कहा कि जब तक प्रशासन सख्त नहीं होगा तब तक औद्योगिक इकाई लगाने वाले उधमी आगे नहीं आएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि औद्योगिक क्षेत्र को विकसित करते समय उनमें आधारभूत सुविधाएं अवश्य विकसित की जाएं ।

डॉ. गर्ग ने भरतपुर में ब्रज औद्योगिक एवं पुराने औद्योगिक क्षेत्र के बारे में कहा कि शहर का यह पुराना औद्योगिक क्षेत्र है किंतु इसमें नालियों का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है। उन्होंने नालियों का निर्माण कराने पर जोर दिया ताकि औद्योगिक इकाइयों निकलने वाले पानी निकासी व्यवस्था सुचारू हो सके। उन्होंने भरतपुर के ब्रज औद्योगिक क्षेत्र में नाली निर्माण के साथ ही आधारभूत सुविधाएं मुहैया कराने की भी मांग की।

उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों व नालियों के निर्माण के साथ ही स्कूल व चिकित्सालय की सुविधाओं उपलब्ध कराई जाए एवं बिजली तंत्र को मजबूत किया जाए। जिससे उद्यिमयों के उधोग चलाने में किसी तरह की परेशानी ना हो।

# संभागीय आयुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं,दिए अधिकारियों को निर्देश

**भरतपुर ( निस )।** ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत गुरुवार को उपखण्ड सेवर की ग्राम पंचायत जघीना एवं उपखण्ड उच्चौन की ग्राम पंचायत फतेहपुर में पंचायत में संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में सम्भागीय आयुक्त ने परिवेदनाओं को संवेदनशीलता से सुनकर संबंधित अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी ली तथा जिन परिवेदनाओं का निस्तारण मौके पर संभव था, उनका हाथों हाथ निस्तारण करवाते हुए परिवादियों को राहत प्रदान की। उन्होंने शेष परिवादों का समय निर्धारित करते हुये संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश प्रदान किए।



फतेहपुर में पंचायत में सांवरमल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

**इन मुद्दों पर हुई सुनवाई**

जनसुनवाई में अतिक्रमण हटवाने, अवैध निर्माण को हटाने, कार्यवाही सूचना में विलम्ब होने, विद्युत लाईन शिफ्टिंग कराने, राजस्व रिकार्ड में नाम सही करने संबंधी परिवाद प्राप्त हुये। व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं में पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने, हैण्डपम्प लगवाने, विद्युत कनेक्शन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पट्टा दिलवाने, आधार विसंगति के प्रकरण प्राप्त हुये। जनसुनवाई में खाद्य सुरक्षा के प्रकरण, राशन कार्ड, सड़क, पेयजल, नाली निर्माण कार्य, चिकित्सा केन्द्रों से सम्बंधित विभिन्न परिवेदनाओं का संज्ञान लेते हुए संभागीय आयुक्त ने संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और सम्बंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही कर पालना रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये गये।

**जघीना में सुने परिवाद**

सम्भागीय आयुक्त ने ग्राम पंचायत जघीना में जनसुनवाई के दौरान सड़क, बिजली, पेयजल, चिकित्सा एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से सम्बंधित परिवादों को सुन उनके निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी रवि कुमार को परिवादों पर की जाने वाली कार्यवाहियों की मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप प्रत्येक पात्र आमजन को राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। सम्भागीय आयुक्त ने ग्राम के राजकीय विद्यालय के खेल मैदान में हो रहे अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर उपखण्ड अधिकारी को मौका निरीक्षण कर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई 26 परिवाद प्राप्त हुए मौके पर तहसीलदार, सम्बंधित अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

**फतेहपुर में की जनसुनवाई**

सम्भागीय आयुक्त ने ग्राम पंचायत फतेहपुर में जनसुनवाई के दौरान पेयजल कनेक्शन की अधिक शिकायत प्राप्त होने पर पीएचईडी के अधिकारियों द्वारा संतोषजनक कार्य नहीं किये जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी उच्चौन विष्णु बंसल को पीएचईडी द्वारा एफएचटीसी के तहत किये जा रहे व लम्बित कार्यों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी फतेहपुर की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए पट्टों के लम्बित प्रकरणों के जल्द निवारण के निर्देश दिए। वीडीओ को अधिक सजगता व सक्रियता के साथ कार्य करते हुए पट्टों व अन्य आवश्यक फाईलों के सम्बंध में रजिस्टर संधारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने लम्बित पट्टों की अधिक शिकायतें प्राप्त होने पर सीईओ जिला परिषद डॉ. वीरेन्द्र सिंह से दूरभाष पर बात कर उक्त मामलों में संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। सम्भागीय आयुक्त ने राउमावि फतेहपुर प्राचार्य की मांग पर ग्राम पंचायत को शौचालय का निर्माण करवाने के सम्बंध में निर्देश दिये। उन्होंने राउमावि जयचौली में स्वीकृत निर्माण कार्य में हो रहे विलम्ब की जानकारी मिलने पर विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य नियमानुसार समय पर पूर्ण करायें। ग्रामीणों द्वारा उपस्वास्थ्य केन्द्र की क्षितग्रस्त दीवार व जर्जर छत के सम्बंध में शिकायत करने पर उन्होंने विकास अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी एवं पटवारी को मौका मुआयना कर उप स्वास्थ्य केन्द्र किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट करने व क्षितग्रस्त भवन की मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

## अमृता पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरुआत



**हिण्डौन सिटी ।** राजस्थान सरकार की सघन वृक्षारोपण योजनान्तर्गत सम्पूर्ण प्रदेश में 7 करोड पौधे लगाये जाने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रति व्यक्ति एक पौधा लगाया जाना है। इस अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रीठौली के शिक्षको एवं विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के प्रांगण में 51 पौधे लगाकर अमृता पर्यावरण संरक्षण महोत्सव का शुभारम्भ किया गया।

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि प्रभारी मुकेश लहकोडिया व इको क्लब प्रभारी शिवकुमार ने बाताया कि एक पेड देश के नाम गतिविधि के तहत विद्यालय के प्रांगण में इस वर्ष 300 पौधे लगाये जाएँगे।

सघन वृक्षारोपण द्वारा पृथ्वी का तापमान कम हो सके एवं पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभावो से मानव जाति व प्राणिमात्र को होने वाले नुकसान से बचा जा सके। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर अलग अलग प्रजाति के छायादार एवं फलदार पौधे लगाने चाहिए।

प्रधानाचार्य लखन लाल मीना ने बताया कि पेडों की सुरक्षा हेतु ग्रामीण गणमान्य लोंगों द्वारा पत्थर उपलब्ध करा दिये गये हैं एवं तार व जाल जनसहयोग से उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर हेमन्त शर्मा, हरकेश मीना, सम्पत सामरिया,सतीश शर्मा, रामराज मीना, ताराचन्द के सहयोग से करंज, नीम, जामुन, आंवला आदि के पेड लगाये गए। विद्यार्थियों ने " बस्ती बस्ती द्वारे द्वारे, पेड लगाओ न्यारे न्यारे। धरती के श्रृंगार पेड हैं, जीवन के आधार पेड हैं ऐसे नारे लगाकर सभी में जोश उत्पन्न कर दिया।